प्रेषक,

संजय कुमार सिंह–III
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ द्वितीय त्वरित न्यायालय,
कक्ष संख्या–9, गाजीपुर।
आफिसर आई.डी.–UP1722

सेवा में,

श्रीमान् महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– माननीय जनपद न्यायाधीश,
गाजीपुर।

विषयः जनपद गाजीपुर में 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के पश्चात एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि बढ़ाये जाने अथवा जनपद बलिया में स्थानान्तरण विषयक।

महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि मेरे द्वारा इस जनपद में सेवा में योगदान दिनांक 11–05–2017 को किया गया है। माननीय न्यायालय के पत्र संख्या–23/Admin.(Services)/2019, Dated: September 23, 2019 के क्रम में मेरा 3 वर्ष का कार्यकाल माह मार्च 2020 में पूरा हो रहा है।

माननीय न्यायालय को सादर अवगत कराना है कि मेरी पत्नी श्रीमती संगीता सिंह कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, चिलकहर, जनपद बलिया में कार्यरत है। जनपद बलिया, जनपद गाजीपुर से लगा हुआ जनपद है। मेरे छोटे पुत्र श्रेयस की उम्र मात्र 4 वर्ष है जो कम उम्र है व सांस की बीमारी से पीड़ित है। पत्नी व बच्चों की देखभाल के लिए मेरे परिवार में मेरे अवाला अन्य कोई व्यक्ति नहीं है। जनपद गाजीपुर में मेरी नियुक्ति होने से पत्नी व बच्चों की देखभाल कर लेता हूँ।

अतः माननीय महोदय से विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि मुझे जनपद गाजीपुर में एक वर्ष का अतिरिक्त कार्यकाल प्रदान करने अथवा मेरा नियमित स्थानन्तरण, मेरी पत्नी की नियुक्ति को देखते हुए जनपद बलिया में किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष मेरा प्रत्यावेदन रखे जाने की महति कृपा करें, जिस हेतु मैं आपका सदैव आभारी रहूंगा।

ससम्मान।

भवदीय,
26/11/2019

दिनांकः 26–11–2019

(संजय कुमार सिंह–III)
अपर जिला व सत्र न्यायाधीश/ द्वितीय
त्वरित न्यायालय, कक्ष संख्या–9
गाजीपुर।

संलग्नकः 1– खण्ड विकास अधिकारी चिलकहर बलिया द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र दिनांक 14–11–2019

क्रमांक 1741/5 दिनांक 27/11/19
अग्रसारित
27/11/19
जनपद न्यायाधीश
गाजीपुर

प्रमाण–पत्र

श्रीमती संगीता सिंह करिष्ठ सहायक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी चिलकहर बलिया द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मेरे पति श्री संजय कुमार सिंह ,अपर जिला जज,जनपद गाजीपुर में कार्यरत है, के आवेदन पत्र के कम में प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती संगीता सिंह करिष्ठ सहायक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी चिलकहर, जनपद बलिया, में कार्यरत है।

(मीना सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी
चिलकहर–बलिया

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी चिलकहर बलिया।

पत्रांक 873 /स्था0 /2019.–20 दिनांक 14.11.19

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1– श्रीमती संगीता सिंह करिष्ठ सहायक ।
2– जिला विकास अधिकारी महोदय बलिया।

खण्ड विकास अधिकारी
चिलकहर–बलिया